# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
# जिला –कोरबा (छ.ग.)

क्रंमाक / मु.चि.अ. / एन.एच.एम. / एच.आर. / 2026 / 8893 कोरबा, दिनांक : 19-08-2026

**/ / विज्ञापन सूचना / /**

**–: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों हेतु विज्ञापन का प्रकाशन बाबत::–**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा का सूचना पत्र क्रंमाक / मु. चि.अ. / एन.एच.एम. / एच.आर. / 2026 / 8896 कोरबा, दिनांक : 19/8/26 द्वारा जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों Dentist, MO – AYUSH (RBSK), Nursing Officer- NHM/ Trauma & Emergency/ ICU/ NUHM, Community Health Officer, Staff Nurse – NRC, Laboratory Technicians- RBSK, TBHV-NTEP, Jr. Secretrial Assistant (UAAM), Class - IV – UHWC पदों पर विज्ञापन प्रकाशित की जाती है। उक्त रिक्त संविदा पदों पर पात्र इच्छुक अभ्यर्थियों से **दिनांक 21 / 08 / 2026 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 04 / 09 / 2026 तक की संध्या 5:30 बजे तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमांत्रित किए जाते है।** ऑनलाईन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

उक्त विज्ञापन का विवरण कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कोरबा के सूचना पटल पर देखा जा सकता है एवं जिला कोरबा के वेबसाइट www.korba.gov.in में उपलब्ध है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

संलग्न :– विज्ञापन।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – कोरबा (छ.ग.)

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
# जिला – कोरबा (छ.ग.)

क्र./मु.चि.अ./एन.एच.एम./एच.आर./2026 8896 कोरबा दिनांक 19-08-2026

**//विज्ञापन//**

मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. रायपुर के पत्र क्रमांक /NHM/HR/PROJ-4107/6/2025-Section(NHM)/209 दिनांक – 17/04/2025 के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले के वार्षिक कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत मानव संसाधन के विरुद्ध रिक्त संविदा पदों की पूर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया जा रहा है। रिक्त संविदा पदों हेतु इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार online पद्धति के माध्यम से अपना आवेदन पत्र दिनांक 04/09/26 समय 5:30 बजे तक भर सकते है। **ऑफलाइन आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

**भाग – अ**

| S. NO | Program | Post Name | Vaccant | UR | OBC | SC | ST | Salary | Qualification | Desirable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NOHP | Dentist | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 27500/- | MDS with registration in Chhattisgarh Medical Council is Compulsory OR BDS with Registration in Chhattisgarh medical council is compulsory | |
| 2 | RBSK | MO - AYUSH | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 25000/- | BAMS/ BHMS/ BUMS Degree Registration from any GOI Recognized (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board | |
| 3 | NHM | Nursing Officer | 4 | 3 | 0 | 0 | 1 | 16500/- | BSc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registration council | |
| 4 | Trauma & Emergency | Nursing Officer | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 16500/- | BSc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registration council | |
| 5 | ICU | Nursing Officer | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 16500/- | BSc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registration council | |

| S. N O | Program | Post Name | Vaccant | UR | OBC | SC | ST | Salary | Qualification | Desirable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | NUHM | Nursing Officer | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 16500/- | BSc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registration council | |
| 7 | AAM/HWC | Community Health Officer | 40 | 17 (5F) | 7 (2F) | 5 (1PH) (1F) | 11 (2PH) (3F) | 16500/- | BSc. Nursing /Post Basic B.Sc Nursing Certificate in Community Health Integrated Course & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registrastion council | |
| 8 | NRC | Staff Nurse – NRC | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 16000/- | BSc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registration council | |
| 9 | RBSK | Laboratory Technicians | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 14000/- | DMLT or BMLT Course with Registration in C.G. Paramedical Council. | |
| 10 | NTEP | TBHV | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 14000/- | 1. Graduate in Science OR 2. Intermediate (10+2) in Science & experience of working as MPW/ LHV/ ANM / Health worker/ Certificate or Higher Course post in health education/Counselling or 3. Tuberculosis heath visitor's recognized course. 4. Certificate course in comptuer operation (minimum 2 month) | course for MPW or recognized Sanitary inspector's Course |
| 11 | NUHM | Jr. Secretrial Assistant (UAAM) | 9 | 5 | 0 | 0 | 4 | 12000/- | 12th Pass with at least 1 Year Diploma in Computer Applications | |
| 12 | NUHM | Class - IV – UHWC | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 10000/- | 10th Pass | |
| | | Total | 64 | | | | | | | |

# भाग - ब

**आवेदन सम्बन्धी दिशा निर्देश :-**

1- आवेदक Online पद्धति के माध्यम से अपना आवेदन पत्र दिनांक 04/9/2026 समय 5:30 बजे तक भर सकते है। **ऑफलाइन आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

2- Online पद्धति के माध्यम अपलोड किए जाने वाले समस्त आवश्यक दस्तावेज स्व प्रमाणित कर अपलोड करे।

3- आवेदक Online आवेदन भरने के पूर्व विज्ञापन में अंकित समस्त दिशा निर्देशों का भली भांति अवलोकन एवं अध्ययन कर लेवे ।

4- Online आवेदन पूर्ण रूप से प्रविष्टि किए जाने के उपरांत जमा (Submit) करेंगे तथा भरे हुए आवेदन का प्रिन्ट निकाल कर स्व-हस्ताक्षरित आवेदन अपलोड करना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन मान्य नहीं होगा।

5- स्वहस्ताक्षरित आवेदन अपलोड करने के पश्चात आवेदकों को पावती प्रिन्ट कर के सुरक्षित रखे जिसे दस्तावेज सत्यापन में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

6- आवेदकों को Online आवेदन के समय समस्त अनिवार्य दस्तावेज (शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास, एवं अन्य आहर्ता) के अनुसार प्रविष्टि करना अनिवार्य होगा। Online आवेदन के समय केवल सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। दस्तावेज सत्यापन के दौरान समस्त दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। प्रस्तुत दस्तावेज एवं Online भरे गए डाटा में असमानता/अपूर्ण व त्रुटि होने की स्तिथि में वैधानिक कार्यवाही की जावेगी अथवा अभ्यर्थी का आवेदन निरस्त कर भर्ती प्रक्रिया से बाहर किया जावेगा । जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

7- सभी पद पूर्णतः संविदा है, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रायपुर छ. ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति नियम 2018 के अधीन होगा तथा संविदा भर्ती के संबंध में आरक्षण (सभी नियुक्ति एवं चयन प्रक्रिया माननीय उच्च न्यायालाय नई दिल्ली के SLP (C) क्रमांक/19668/2022 में पारित अंतिम आदेश के अध्यधीन होगा।)

8- अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपने स्वयं का वैध मोबाईल नंबर एवं ई-मेल व स्थानीय/वर्तमान पता भरें। जिससे उक्त भर्ती से संबंधित जानकारी हेतु संपर्क/पत्राचार किया जा सके।

9- अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होना अनिवार्य है।

10-01 जनवरी 2026 को आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु तथा 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु होना चाहिए आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2026 की स्थिति में की जावेगी।

11-Community Health Officer पद हेतु आयु 01 जनवरी 2026 की स्थिति में 21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

12-छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ/20-4/2014/आ.प्र./1-3 नया रायपुर दिनांक 27.09.2014 के अनुसार संगत दिव्यांगता/निःशक्तता के कम से कम 40 प्रतिशत रूप से ग्रस्त व्यक्ति ही आरक्षण के लाभ हेतु पात्र होंगे। जो व्यक्ति आरक्षण लाभ उठाना चाहतें हैं उन्हें जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता/निःशक्तता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

13-निम्लिखित तालिका अनुसार अभ्यार्थियों हेतु दस्तावेज सत्यापन/परीक्षा/चयन तथा साक्षात्कार आहुत की जावेगी।

| क्र. | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | स्क्रीनिंग /साक्षात्कार लिए जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

**14 . चयन प्रक्रिया:-**

**14 .1** पद Laboratory Technician -RBSK हेतु 12वीं कक्षा के 30 प्रतिशत अंक एवं तकनीशियन संबंधित पाठ्यक्रम के 35 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के अंकों को जोड़कर वरीयता सूची तैयार की जावेगी। (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रति पूर्ण वर्ष 3 अंक के मान से अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यार्थियों को प्रति पूर्ण वर्ष 02 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक जो अधिकतम हो प्रदाय किये जावेंगे।) 20 अंको के लिखित/कौशल परीक्षा लिया जावेगा।

**14.2** शेष पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता के 65 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के अंको को जोड़कर वरीयता सूची बनायी जावेगी। (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रति पूर्ण वर्ष 3 अंक के मान से अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यार्थियों को प्रति पूर्ण वर्ष 02 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक जो अधिकतम हो प्रदाय किये जावेंगे) 20 अंको के लिखित या कौशल या साक्षात्कार लिया जावेगा।

**14.3** अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (स्नातक/स्नातकोत्तर) के सभी वर्षो के प्राप्तांको के अंको को जोड़ा जावेगा।

**14.4** ऐसे प्रमाण पत्र जिसमें अंकों की गणना ग्रेडिंग के आधार पर की गई है, उनके साथ गणनापत्रक संलग्न करना अनिवार्य है। गणनापत्रक संलग्न नहीं होने की स्थिति में अंको का निर्धारण चयन समिति द्वारा किए गए निर्णयानुसार अंक प्रदाय किया जावेगा, जो कि सर्वमान्य होगा। जिसके लिए कोई वाद दायर नहीं होगा।

**14.5** अभ्यार्थियों को लिखित/कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित कुल अंको का 30 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। 30 प्रतिशत अंक अर्जित नहीं करने की दशा में अभ्यर्थी को अपात्र माना जावेगा।

**14.6** कौशल परीक्षा 20 अंक (पद के अनुरुप लिखित/कम्प्युटर बेस्ड/साक्षात्कार आदि के स्वरुप में कौशल परीक्षा ली जावेगी।

**15 <u>अनुभव संबंधी निर्देश</u>**

**15 .1** अनुभव के 10/15 व कोविड कार्य का बोनस अंक संबंधित पदों के ही मान्य किये जावेगे।

**15.2** अवर सचिव छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नवा रायपुर आदेश पत्र पृ. क्र. एफ 167/2021/17/1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07.12.2021 के दिए गए आदेश के परिपालन में केवल कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छ.ग. राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्ति एवं 06 माह से लगातार सेवा देने वाले एस.डी.आर.एफ./डी.एम.एफ./सी.एस.आर. मद अंतर्गत कार्यरत अस्थायी स्वास्थ्य कर्मी को कोविड-19 कार्य (समान पद) अनुभव के 10 बोनस अंक अतिरिक्त प्रदाय किया जायेगा जिसका नियुक्ति आदेश संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**15.3** अनुभव प्रमाण पत्र (आवेदित पद से संबंधित हो) केवल केन्द्र एवं राज्य सरकार के उपक्रम/शासकीय संस्थाओं के ही मान्य होगे। पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यार्थी को नियमानुसार अनुभव अंक प्रदाय किये जायेगे।

**15.4** अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियुक्तिकर्ता द्वारा जारी नियुक्ति आदेश पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। नियुक्ति आदेश के अभाव में अनुभव के अंक प्रदाय नहीं किया जावेगा।

**15.5** शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यार्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र में सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

**15.6** जीवनदीप समिति अंतर्गत कार्यरत अनुभव प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी ही मान्य होगा जिसकी नियुक्ति आदेश अथवा अन्य दस्तावेज (बैंक स्लीप, अनुबंध पत्र, नोटशीट की छाया प्रति) अनिवार्य होगा।

**15.7** अनुभव में अंको की गणना वर्षों के गुणांक के आधार पर (वर्ष पूर्ण होने पर) ही दिया जावेगा तथा 12 माह से कम होने पर अंकों की गणना नहीं की जावेगी।

**<u>16. आवश्यक दस्तावेज –</u>**

<u>आवेदन करते समय निम्न अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न किये जावे :-</u>

16 .1 10वी की अंकसूची (जन्म तिथि के प्रमाण हेतु)

16 .2 निर्धारित न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता के सभी वर्षो की अंक सूची/संबंधित डिग्री/इंटर्नशीप प्रमाण पत्र।

16 .3 Community Health Officer पद हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम उत्तीर्ण एवं सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अभ्यार्थियों की मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

16 .4 ऐसे पद जिनमें छ.ग. कॉन्सिल पंजीयन का जीवित प्रमाण पत्र मांगा गया है, प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

16 .5 सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय स्थायी जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग हेतु) अभ्यार्थी द्वारा प्रस्तुत अस्थायी जाति प्रमाण पत्र की वैधता तिथि विज्ञापन तिथि के पूर्व जीवित होना अनिवार्य होगा, अन्यथा अस्थायी जाति प्रमाण पत्र की वैधता तिथि समाप्त होने की स्थिति में उक्त आवेदक को अनारक्षित संवर्ग में शामिल किया जावेगा।

16 .6 सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र।

16.7 उपरोक्त दस्तावेज प्रस्तुत न करने एवं परीक्षण के दौरान अथवा नियुक्ति उपरांत भी किसी भी समय या किसी भी प्रकार से दस्तावेज के असत्य पाये जाने पर अभ्यर्थी की नियुक्ति अमान्य की जा सकेगी।

**भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा निर्देश:-**

17. Community Health Officer के रुप में कार्य करने के दौरान प्रतिमाह राशि रु. 16500/- (रु. सोलह हजार पांच सौ मात्र) वेतनएकमुश्त एवं साथ में कार्य -प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि प्रतिमाह अधिकतम राशि रु. 15000/- (रु. पंद्रह हजार मात्र) तक दी जायेगी। इस संबंध में मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देश लागू होगे।
18. दस्तावेज सत्यापन एवं परीक्षा हेतु पात्र अभ्यार्थियों को लिखित या कौशल परीक्षा के समय आवेदन के साथ संलग्न किए समस्त मूल दस्तावेज मांगे जाने पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन के समय किसी भी मूल दस्तावेज के अभाव में साक्षात्कार/लिखित/कौशल परीक्षा में बैठने की अनुमति व भर्ती प्रक्रिया की अग्रिम कार्यवाही में शामिल नहीं किया जावेगा।
19. अनुभव एवं अन्य प्रमाण पत्र के सत्यापन में असत्य पाये जाने पर संबंधित को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अथवा चयन से निरस्त किया जा सकता है। जिसके लिये किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं किया जा सकेगा।
20. दावा आपत्ति हेतु निर्धारित समयावधि पश्चात् किये गये आपत्ति आवेदन अमान्य होगा तथा चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। जिसके विरूद्ध कोई अपील/शिकायत स्वीकार्य नहीं होगी।
21. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों कि जांच कि जावेगी, इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
22. संविदा मानदेय :- संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
23. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2027 तक के लिये होगी, कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि की वृद्धि की जा सकती है।
24. यद्यपि कार्य संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा एक माह के अग्रिम नोटिस या एक माह का वेतन देकर किसी भी समय सेवा समाप्त की जा सकेगी अथवा अधिकारी/कर्मचारी एक माह पूर्व नोटिस या एक माह का वेतन जमा कर स्वयं पद त्याग कर सकता है।
25. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वंतः निरस्त हो जायेगी। जिसके लिये पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
26. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
27. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

**28.उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी प्रतीक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पद के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 25 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत एवं 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत अभ्यार्थियों को प्रतिक्षा सूची में रखा जावेगा।**

29. अंतिम चयन सूची व प्रतिक्षा सूची की वैधता प्रकाशन तिथि से अगामी न्यूनतम एक वर्ष या अगली नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने तक वैध रहेगी।

**30.**प्रतीक्षा सूचि में वर्तमान आवश्यकता को ध्यान रखते हुए प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए चयन समिति सक्षम रहेगा।

31. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी भी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष, चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा। तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

32. अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय देय नहीं होगा।

33. दस्तावेज सत्यापन अथवा लिखित/कौशल परीक्षा या साक्षात्कार हेतु आवेदक का स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा। प्राधिकृत आवेदक के किसी भी प्रक्रिया (लिखित/कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन) में अनुपस्थित रहने पर संविदा पद के प्रति रुचि नहीं मानते हुए उस आवेदक को भर्ती के अग्रिम क्रम में शामिल नहीं करते हुए भर्ती प्रक्रिया से बाहर किया जावेगा।

34. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति का होगा। जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

35. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त की गई है, चाहे वे किसी भी पद पर रहे हों उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।

36. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता है। जिसका अधिकार चयन समिति/नियोक्ता को होगा।

37. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं चयन प्रक्रिया का परिणाम (स्क्रुटनी उपरांत दावा आपत्ति हेतु पात्र/अपात्र की सूची, सूचना एवं अन्य निर्देश) कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट **www.korba.gov.in** पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार से जानकारी नहीं दी जावेगी। समयानुसार इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं होगी। अन्य किसी भी माध्यम से पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
जिला – कोरबा

**[Format for Certification from Principal for Applying for CHO, NHM, CG]**

[For candidates who shall be passed in Final Examination of B.sc.

(Nursing)/Post Basic B.Sc.(Nursing) along with integrated certificate course in

community Health (CCH)

# College Letter Head

## Certificate

This is to Certify that Mr./Ms./Mrs:-.................................................................................................

University enrollment number ............................................................Son/Daughter/Wife of .................................. is passed student of B.sc. Nursing/post Basic B.sc. Nursing course with integrated curriculum of certificate in community Health as per notification of University. He/she is due to passed in final examination of the course.

Dated:- ................................

**Authorized Signatory**
**Signature with Seal**

भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिए यहाँ क्लिक करें

https://govthealth.cg.gov.in/reckorbacont2026